आर्य समाज डी॰ए॰वी॰ पब्लिक स्कूल सैक्टर–14 फरीदाबाद का

31 वाँ वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

दिनांक 11 जुलाई 2015 शनिवार। डी॰ए॰वी॰ पब्लिक स्कूल सैक्टर–14 फरीदाबाद ने आज अपनी **आर्य समाज** का 31 वाँ वार्षिकोत्सव बहुत ही श्रद्धापूर्वक तथा धूमधाम से मनाया। इसमें विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त बल्लभगढ़, एन. आई. टी., सैक्टर – 14, 15, 16, 17, 18, 19 आदि समस्त स्थानों के आर्यो ने भीषण वर्षा के बावजूद अपनी गरिमामय उपस्थिति से वार्षिकोत्सव की शोभा को बढ़ाया।

आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा के प्रधान श्री के. एल. खुराना जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। साथ ही फरीदाबाद के समस्त डी॰ए॰वी॰ विद्यालयों के प्राचार्यों डॉ॰ सतीश आहूजा, श्री बी. के दास, श्रीमती नीलम गाँधी, श्रीमती अल्का गुप्ता, श्रीमती ज्योति दहिया आदि ने कार्यक्रम में पधारकर कार्यक्रम को सुशोभित कर दिया।

इस कार्यक्रम में गुरुकुल विश्वविद्यालय वृन्दावन के अधिष्ठाता आचार्य स्वदेश जी महाराज ने पधारकर समस्त श्रोतागण को मानव जीवन में सदैव सदाचार व ईश्वर विश्वास का आश्रय लिए रहने की प्रेरणा दी। साथ ही आर्य समाज व महर्षि दयानन्द के आदर्शो का अनुकरण करने की प्रेरणा दी।

इनके साथ ही बिजनौर (उ॰प्र॰) से पधारे वेदरथी श्री नरेशदत्त जी आर्य व श्री नरेन्द्र दत्त जी आर्य ने अपने भजनामृत से समस्त श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा मानव जीवन देने वाले परमात्मा व माता–पिता सहित गुरुजनों का सम्मान करने व उनके आशीर्वाद सदैव लेते रहने की प्रेरणा दी।

अन्त में समस्त कार्यक्रम के प्रेरक विद्यालय के प्राचार्य श्री एस.एस. चौधरी ने पधारे हुए अतिथियों, वक्ताओं व श्रोताओं का हृदय से धन्यवाद करते हुए आर्य समाज को डी॰ए॰वी॰ का प्राण बताया और सभी को आर्य समाज व महर्षि दयानन्द के वेद पथ पर चलने की प्रेरणा दी।

पश्चात् शान्ति पाठ के बाद ऋषि लंगर का सभी ने आनन्द दायक प्रसाद ग्रहण किया।

हरिओ३म शास्त्री
(मन्त्री)